आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

• वर्ष- 16 अंक 152 • कटनी • सोमवार, 4 जुलाई, 2022 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-5 • विक्रम संवत् 2079 शके 1935

24 घंटे देखे यश भारत
डिजिटल न्यूज चैनल
DIGIANA NEWS 91
hathway 598
UCN NEWS/HD 81

## लालू यादव की हालत बिगड़ी



**पटना,एजेंसी।** बिहार के पूर्व सीएम व राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव को आज सुबह चार बजे पटना के पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रविवार को वे अपने पटना स्थित घर में संतुलन बिगड़ने से गिर गए थे। उसके बाद से उनकी हालत बिगड़ गई थी। गिरने के कारण लालू प्रसाद यादव के कंधे की हड्डी में मामूली फ्रैक्चर आ गया था।

## हिमाचल के कुल्लू में भीषण हादसा

# स्कूली बच्चों समेत 16 की मौत

### 200 मीटर गहरी खाई में गिरी बस



**कुल्लू ,एजेंसी।** हिमाचल के कुल्लू में सोमवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हुआ। सैंज घाटी में यात्रियों से भरी एक बस गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई है तो कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। मृतकों में कम से कम 6 स्कूली बच्चे हैं। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है, जिनमें कई की स्थिति बेहद नाजुक है। पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने हादसे पर दुख जाहिर करते हुए घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि हादसे का कारण क्या है। कुल्लू में पिछले दो दिनों से बहुत अधिक बारिश हुई है। मौसम बेहद खराब है। सोमवार सुबह करीब 8 बजे कुल्लू जिले में निओली-शंशेर रोड पर पर सैंज घाटी के जंगला इलाके में निजी बस चालक के कंट्रोल से बाहर होकर 200 मीटर गहरी खाई में गिर गई। बस के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटनास्थल जिला हेडक्वॉर्टर से करीब 65 किलोमीटर दूर है। एक दर्जन से अधिक लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### भुवनेश्वर में बस में आग लगने से 4 घायल

भुवनेश्वर,एजेंसी । बारामुंडा बस स्टैंड के पास सोमवार सुबह एक प्राइवेट बस में आग लगने से चार यात्री घायल हो गए। फुलबनी से भुवनेश्वर जा रही बस बारामुंडा ओवरब्रिज के नीचे सर्विस रोड पर एक पुलिया से टकरा गई, जिसके बाद उसमें आग लग गई। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग के तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची। घायल यात्रियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## मणिपुर भूस्खलन

## अब तक 42 शव निकाले



गुवाहाटी/इंफाल,एजेंसी। मणिपुर के नोनी जिले में रेलवे निर्माण स्थल पर भूस्खलन के कारण मारे गए 8 और लोगों के शव बरामद किये गए, जिसके बाद इस हादसे में मरने वालों की संख्या रविवार को बढ़कर 42 हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि और लोगों को ढूंढने के लिए अभियान जारी है।उन्होंने कहा कि टुपुल क्षेत्र में शनिवार से बारिश हो रही है और ताजा भूस्खलन से अभियान प्रभावित हुआ है। गुवाहाटी में एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि अब तक मलबे से 42 शव बरामद किये गए हैं, जिसमें से 24 प्रादेशिक सेना के कर्मी हैं। उन्होंने कहा कि प्रादेशिक सेना के छह लापता कर्मियों और 19 अन्य लोगों का पता लगाने का प्रयास जारी है। सेना, असम राइफल्स, प्रादेशिक सेना, एसडीआरएफ और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल तलाश अभियान में जुटे हैं।



# शक्ति परीक्षण में शिंदे उम्मीद से ज्यादा 164 नंबरों से पास

### कांग्रेस-उद्धव संग ही हो गया खेल, 1 बागी, 8 रहे लेट

**मुंबई,एजेंसी।** महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार ने फ्लोर टेस्ट में बहुमत साबित कर दिया है। इसके साथ ही उद्धव ठाकरे की शिवसेना के मुकाबले शिंदे सेना ने सत्ता के फाइनल में भी जीत हासिल कर ली है। एकनाथ शिंदे सरकार ने दूसरी परीक्षा भी पास कर ली है। कुल 164 विधायकों ने विश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग के दौरान शिंदे के पक्ष में वोट डाला है। वहीं महाविकास अघाड़ी के लिए एक और झटके की खबर है। अघाड़ी के पांच विधायक बहुमत परीक्षण से गैरहाजिर हैं। इसमें से कांग्रेस के तीन विधायक हैं, जिनमें अशोक चव्हाण का नाम शामिल है। इसके अलावा अघाड़ी के दो अन्य विधायक भी वोटिंग में नदारद हैं। इससे पहले रविवार को स्पीकर के चुनाव में भी भाजपा और एकनाथ शिंदे गुट के प्रत्याशी राहुल नार्वेकर भी इतने ही वोट हासिल करके जीते थे। शिवसेना के महज 15 विधायकों ने ही पार्टी की व्हिप के आधार पर सरकार के खिलाफ वोट डाला, जबकि 40 विधायकों ने शिंदे सरकार के समर्थन में मतदान किया। यही नहीं इस दौरान उद्धव ठाकरे की शिवसेना पहले से भी कमजोर नजर आई। उनके समर्थक रहे विधायक संतोष बांगड़ और श्याम सुंदर शिंदे भी सोमवार को एकनाथ शिंदे सरकार के पक्ष में दिखाई दिए। स्पीकर ने पहले ध्वनिमत से वोटिंग का प्रयास किया था, लेकिन इस पर विपक्ष ने ऐतराज जताया था। इस पर स्पीकर राहुल नार्वेकर ने दोनों पक्षों के विधायकों को सीट पर ही खड़ा कराया और फिर विधानसभा के कर्मचारियों ने उनके पास जाकर मत लिया और उसके आधार पर ही फैसला लिया। इस दौरान एक दिलचस्प नजारा भी विधानसभा में देखने को मिला। बागी विधायक प्रताप सरनाइक ने जब एकनाथ शिंदे सरकार के समर्थन में मतदान किया तो उद्धव ठाकरे समर्थक शिवसेना विधायकों ने ईडी-ईडी के नारे लगाए।

### शिंदे गुट ने सील किया शिवसेना का दफ्तर

इससे पहले रविवार को स्पीकर के चुनाव में एकनाथ शिंदे सरकार की ओर से घोषित प्रत्याशी राहुल नार्वेकर को 164 वोट हासिल हुए थे। भाजपा के पहली बार के विधायक राहुल नार्वेकर को एकनाथ शिंदे गुट के विधायकों, भाजपा और कुछ निर्दलीय विधायकों ने समर्थन दिया था।



## हार से गुस्साए पूर्व सरपंच ने खुदवा दी ट्रैक्टर से गांव की सड़क

### पिछली बार चुनाव जीतने के बाद अपनी जमीन पर बनवाई थी

**रीवा,एजेंसी।** रीवा जिले में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां सरपंच चुनाव में मिली हार के बाद एक प्रत्याशी इस कदर बौखलाया कि उसने रिजल्ट आने के बाद गांव में बनी सड़क को ट्रैक्टर से खुदवा दिया। हारे हुए प्रत्याशी की इस हरकत के कारण ग्रामीणों में खासी नाराजगी है और उन्होंने पुलिस में मामले की शिकायत की है।सरपंच का चुनाव हारने पर गांव की सड़क खुदवाने का यह मामला रीवा जिले की गंगेव जनपद के अहिरवार गांव का है। जहां पूर्व सरपंच चंदनमणि त्रिपाठी ने पंचायत चुनाव में मिली हार के बाद गांव की सड़क को ही ट्रैक्टर से खुदवा दिया। जानकारी के मुताबिक, चंदनमणि त्रिपाठी पिछली पंचवर्षीय में गांव के सरपंच बने थे, तब उन्होंने सरपंच चुनाव जीतने के बाद गांव तक पहुंचने के लिए सड़क बनवाई थी। सात साल बाद जब इस बार चुनाव हुए तो फिर से चंदनमणि त्रिपाठी ने सरपंच पद के लिए उम्मीदवारी की थी लेकिन वह चुनाव जीत नहीं पाए।हार मिलने से गुस्साए चंदनमणि ने सड़क को ट्रैक्टर से खुदवा दिया। जब ग्रामीणों को इस बात का पता चला तो खुदी हुई सड़क पर पूरा गांव जमा हो गया और विरोध किया। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण थाने पहुंचे और फरियाद लगाई। जिस पर पुलिस ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को मामले से अवगत कराया और ग्रामीणों किसी तरह समझाइश देकर शांत कराया। अफसर बोले- अपने पट्टे की जमीन पर त्रिपाठी ने बनवाई थी सड़क- मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी से यह भी कहा है कि चुनाव में हार-जीत के कारण संबंध खराब न करें। अधिकारियों ने बतायाकि पूर्व सरपंच द्वारा सड़क का निर्माण अपने पट्टे की जमीन पर कराया गया था। लेकिन लोगों का कहना है कि उक्त सड़क में शासकीय योजना के तहत भी काम कराया गया था।

# बिजली गिरने से 3 मौतें, बाढ़ में फंसे 100 लोग

## सागर के घरों में 3 फीट तक पानी भरा, दीवारें गिरीं



**भोपाल,यशभारत।** मध्यप्रदेश में जोरदार बारिश हो रही है। भिंड के दबोह में बिजली गिरने से चमेली कुशवाहा (40) की मौत हो गई। टीकमगढ़ और दमोह में भी गाज गिरने से एक-एक मौत हुई है। सागर में घरों में 3-3 फीट तक पानी भर गया। कच्चे मकानों की दीवारें गिर गईं। बुरहानपुर के निंबोला में रविवार को 1 घंटे की बारिश में उतावली नदी में बाढ़ आने से निंबोला-खामला रोड की पुलिया डूब गई। पुलिया के दोनों तरफ 2 घंटे तक 100 से ज्यादा लोग फंसे रहे। पानी उतरने के बाद लोग यहां से निकल सके। इस रोड पर उतावली नदी की पुलिया सिर्फ चार फीट ऊंची है। ग्रामीणों ने बताया यह जंगल क्षेत्र है। रात में यहां फंसने पर जंगली जानवरों का खतरा रहता है।मूसलाधार बारिश कराने वाले तीन सिस्टम एक्टिव हो गए हैं। ओडिशा में कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है। यह आज पूरी तरह एक्टिव हो जाएगा। दक्षिणी झारखंड में भी हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात है। अरब सागर से भी नमी मिल रही है। इन तीनों वजह से अगले चार से पांच दिन जबलपुर,भोपाल, इंदौर समेत दूसरे शहरों में अगले चार दिन बारिश होती रहेगी।भोपाल में सुबह पानी गिरा। रात में भी रुक-रुक कर बारिश होती रही। खंडवा, अशोकनगर, सागर, छिंदवाड़ा, खंडवा, रायसेन और ग्वालियर भी तर हो गए। मौसम विभाग ने भोपाल, नर्मदापुरम समेत 20 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने सोमवार को प्रदेश के कई शहरों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। भोपाल, रायसेन, सीहोर, खंडवा, सागर, दमोह, हरदा, बैतूल और नर्मदापुरम में भारी बारिश हो सकती है।बालाघाट, नरसिंहपुर, सिवनी मंडला, जबलपुर, छिंदवाड़ा, कटनी, डिंडोरी, शहडोल, अनूपपुर और उमरिया में अति भारी बारिश हो सकती है।



### कर्नाटक की सिनी शेट्टी बनीं फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2022

**नई दिल्ली,एजेंसी।** कर्नाटक की सिनी शेट्टी फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2022 की विजेता बनी हैं। मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित हुए फेमिना मिस इंडिया कॉम्पटीशन के ग्रैंड फिनाले में राजस्थान की रूबल शेखावत फर्स्ट रनर-अप रहीं, जबकि उत्तर प्रदेश की शिनाता चौहान सेकेंड रनर-अप रहीं। इस इवेंट में बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा धूपिया, मलाइका अरोड़ा, एक्टर डिनो मोरिया, डिसाइनर्स रोहित गांधी और राहुल खन्ना, कोरियोग्राफर श्यामक डावर और क्रिकेटर मिताली राज ज्यूरी पैनल का हिस्सा थे।

# मप्र में आज शाम थमेगा शहर का चुनावी शोर

## 133 निकायों में पहले चरण में 6 जुलाई को वोटिंग

**भोपाल ,यशभारत।** मध्यप्रदेश के शहरों का चुनावी शोर सोमवार शाम से थम जाएगा। कुल 133 नगरीय निकायों में 6 जुलाई को पहले चरण के चुनाव की वोटिंग होगी। इनमें भोपाल, इंदौर, जबलपुर-ग्वालियर समेत कुल 11 नगर निगम भी शामिल हैं। इसके बाद ढोल-ढमाकों के साथ प्रचार नहीं होगा। 5 जुलाई की सुबह से मतदान दल पोलिंग बूथ के लिए रवाना किए जाएंगे। सोमवार की शाम 5 बजे तक प्रचार होगा। इसके बाद ढोल-ढमाकों के साथ प्रचार प्रतिबंधित हो जाएगा, तो नेताओं की सभाएं, रैली या जुलूस भी नहीं निकाले जा सकेंगे। इसलिए प्रचार के आखिरी दिन भ्ज्ञक-कांग्रेस से लेकर सभी राजनीतिक पार्टियां ताकत झोंक देंगी। सीएम शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ समेत बड़े नेताओं की सभाएं होंगी। मतदान के 48 घंटे पहले शराब बिक्री भी बंद हो जाएगी।




जबलपुर, भोपाल-इंदौर समेत 11 निगम भी शामिल

### पहले चरण में यहां चुनाव

11 नगर निगम - भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, खंडवा, बुरहानपुर, छिंदवाड़ा, उज्जैन, सागर, सिंगरौली, सतना। 36 नगर पालिका - राजगढ़, ब्यावरा, सीहोर, विदिशा, गंजबासौदा, डबरा, गुना, अशोकनगर, दतिया, पनागर, सिहोरा, अमरवाड़ा, सिवनी, वारा सिवनी, नरसिंहपुर, करेली, गोटेगांव, गाडरवारा, बड़नगर, नीमच, शाजापुर, मंदसौर, सागर, मकरोनिया बुजुर्ग, रहली, छतरपुर, दमोह, पन्ना, इटारसी, बैतूल, आमला, हरदा, उमरिया, श्योपुर, पोरसा, अंबाह इनके अलावा 86 नगर परिषद भी शामिल हैं।

## BSNL ने यूजर्स को दिया तगड़ा झटका

### महंगे हो गए ये सस्ते रिचार्ज प्लान

**नई दिल्ली,एजेंसी।** BSNL ने यूजर्स को तगड़ा झटका दिया है। कंपनी ने चुपचाप अपने कुछ प्रीपेड प्लान्स को महंगा कर दिया है। महंगे किए गए प्लान 320 रुपये से कम की कीमत में आते हैं। टेलिकॉम टॉक की रिपोर्ट के अनुसार बीएसएनएल ने प्लान्स की कीमत को न बढ़ाते हुए उनकी वैलिडिटी को कम कर दिया है। वैलिडिटी कम करने से प्लान के डेली यूसेज चार्ज में 65 पैसे से लेकर 1.60 रुपये की बढ़ोतरी हो गई है। ऐसे में यह कहा जा रहा है कि बीएसएनएल के प्लान इनडायरेक्टली पहले से महंगे हो गए हैं। जिन प्लान में कंपनी ने बदलाव किया है वे 99 रुपये, 118 रुपये और 319 रुपये के हैं। आइए जानते हैं डीटेल। 99 रुपये वाले प्लान में कंपनी शुरुआत में 22 दिन की वैलिडिटी ऑफर करती थी। अब इसमें बदलाव हो गया है। अगर अब आप इस प्लान को सब्सक्राइब करेंगे तो आपको 22 दिन की बजाय 18 दिन की ही वैलिडिटी मिलेगी। राहत की बात यह है कि इसमें कंपनी पहले की तरह अभी भी अनलिमिटेड कॉलिंग बेनिफिट दे रही है।



## आशिक के साथ मिलकर रेता पति का गला

# रोते हुए दमोह के थाने पहुंची पत्नी, बोली- वो लापता हो गए, मोबाइल ने खोला राज

**दमोह,यशभारत।** दमोह जिले के पथरिया के मिर्जापुर गांव में एक महिला ने अपने आशिक के साथ मिलकर गला रेतकर पति की निर्मम हत्या कर दी। दोनों का पिछले चार साल से अफेयर है। आरोपी महिला के पति का जिगरी दोस्त भी था। हत्या के बाद महिला रोते हुए पति की गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखाने थाने पहुंच गई। पुलिस ने कॉल डिटेल खंगाली तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने बताया कि 28 जून को मिर्जापुर गांव में रहने वाली सावित्री पटेल (36) थाने पहुंची। उसने पुलिस से कहा, पति बल्लू पटेल (37) रात से घर नहीं आया है। पुलिस ने जांच शुरू की। इस दौरान दोपहर में खेत पर बल्लू का शव मिला। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इस हत्याकांड का खुलासा 3 जुलाई को हुआ। मृतक की पत्नी से पूछताछ पर पुलिस को गुमराह करने के लिए वह बार-बार बयान बदलती रही। इससे पुलिस को शक हुआ। इस आधार पर पुलिस ने उसके कॉल डिटेल निकलवाए। पता चला कि सावित्री किसी हल्ले रैकवार (37) से लगातार बात करती है। घटना वाले दिन भी उनकी बात हुई है। पता चला कि वह बल्लू पटेल का ही जिगरी दोस्त है। पुलिस ने दोनों के अलग-अलग बयान लिए। सख्ती करने पर हल्ले ने वारदात कबूल कर ली। सावित्री ने पुलिस को बताया उसे तीन बच्चे हैं। बड़ा बेटा 9 साल का है। बल्लू पेशे से किसान था। वह शराब का आदी था। नशे में धुत होकर वह आए दिन उससे और बच्चों के साथ मारपीट करता था। इससे वह परेशान हो चुकी थी। हल्ले और बल्लू जिगरी दोस्त थे। इस कारण उसका घर आना-जाना था। इसी दौरान उसका अफेयर हल्ले के साथ हो गया। चार साल से उनके बीच संबंध थे।सावित्री और हल्ले साथ रहकर घर बसाना चाहते थे। इस बीच बल्लू रोड़ा बन रहा था, जबकि बल्लू को इसकी भनक तक नहीं थी। इसके बाद दोनों ने बल्लू को रास्ते से हटाने के लिए साजिश रची। 28 जून को बल्लू का गांव के किसी व्यक्ति से विवाद हो गया था। वह रिश्तेदार की शादी में गया था। पत्नी ने प्रेमी को ये जानकारी दी। इसके बाद हल्ले ने देर रात बल्लू को फोन कर खेत पर बुलाया। यहां दोनों ने शराब पी। इसके बाद बल्लू सो गया। हल्ले ने धारदार हथियार से उसका गला रेत दिया। SDOP आरपी रावत ने बताया कि मामले में सावित्री और हल्ले को आरोपी बनाया है। दोनों को जेल भेज दिया गया है।



## डेनमार्क के शॉपिंग मॉल में फायरिंग, 3 की मौत

### कई घायल, टेक्सास में भी गोलीबारी, दो लोग मारे गए

**कोपेनहेगन,एजेंसी।** डेनमार्क के कोपनहेगन शहर के एक शॉपिंग मॉल में रविवार देर रात फायरिंग हुई। फायरिंग में 3 लोगों के मारे जाने की खबर है, कई लोग घायल हुए हैं। इनमें तीन लोगों की हालत नाजुक है। न्यूज एजेंसी रायटर्स के मुताबिक, इस मामले में एक 22 साल के डैनिश युवक को गिरफ्तार किया गया है।। इधर, अमेरिका के टेक्सास के हॉल्टोम सिटी में गोलीबारी में दो लोगों की मौत का मामला सामने आया है। इस गोलीबारी में तीन अधिकारियों सहित चार अन्य लोग घायल भी हुए थे। कोपेनहेगन पुलिस ऑपरेशन यूनिट के प्रमुख सोरेन थॉमसन ने बताया कि घटना के पीछे आतंकी मंसूबे की आशंका को खारिज नहीं किया जा सकता।



# हर घर संबल, आयुष्मान कार्ड, हर गरीब के पास होगी पक्की छत मुफ्त अनाज : ज्योति दीक्षित

## माधवनगर में भाजपा प्रत्याशी श्रीमती ज्योति दीक्षित तथा वार्ड पार्षद प्रत्याशियों का जनसम्पर्क



**कटनी यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी निरन्तर प्रचार में अपनी ताकज लगा रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि जनसम्पर्क के दौरान मिल रहे जनता के प्यार और आशीर्वाद से कार्यकर्ता उत्साहित हैं। कल रविवार को माधवनगर के 4 वार्डों में भाजपा प्रत्याशियों ने घर घर जनता से आशीर्वाद मांगा। जनसम्पर्क प्रभारी रवि खरे तथा ललित जायसवाल ने बताया कि आज 3 जुलाई रविवार को राय कालोनी में एकत्रित समस्त भाजपाजनों ने हेमुकालानी वार्ड क्र 40 से बाबा नारायण शाह वार्ड क्र 39ए संत कंवर राम वार्ड क्र 42 एवं आचार्य कृपलानी वार्ड क्र 41 में जनसम्पर्क किया। जनसम्पर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी श्रीमती ज्योति दीक्षित ने जनता से संवाद करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश सरकार की संबल योजना का लाभए सभी नागरिकों के पास 5 लाख तक मुफ्त इलाज के आयुष्मान कार्डए गरीबों के लिए पीएम आवास के पक्के मकान के साथ मुफ्त अनाज की पात्रता पर्ची हर जरूरतमंद तक पहुंचाने का संकल्प को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता ने विकास के लिए केंद्र ओर राज्य में भाजपा की सरकार बनाई अब नगर सरकार भी भाजपा की होगी तो विकास कार्य मे आसानी होगी। उन्होंने सभी मतदाताओं से महापौर प्रत्याशी तथा सभी 45 वार्डों में भाजपा प्रत्याशी को आशीर्वाद देने की अपील की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामरतन पायलए खादी ग्रामोद्योग के अध्यक्ष जितेंद्र लिटेरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, चमनलाल आनंद, रूपचंद चीनी चेलानी, मण्डल अध्यक्ष वागीश आनंद, जिला पदाधिकारी मण्डल पदाधिकारीए चारों वार्डों के भाजपा प्रत्याशी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नागरिकों को मूलभुत सुविधाएं उपलब्ध कराने का वादा

## वेंकट वार्ड सहित माधवनगर में कांग्रेस प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क

**कटनी, (यशभारत)।** कांग्रेस की महापौर प्रत्याशी श्रेहा रौनक खंडेलवाल ने वेंकट वार्ड क्रमांक 13 में श्री हनुमान मंदिर में पूजन अर्चन के पश्चात नरेंद्र मार्ग, दखिन माता, शास्त्री कालोनी में सघन जनसम्पर्क किया। वेंकट वार्ड में स्थानीयजनों ने पानी, खराब सड़क, गंदी नाली की समस्याओं से अवगत कराया। श्रेहा ने कहा कि जनता की पीड़ा देखकर दर्द होता है। भाजपा ने जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराईं। कांग्रेस प्रत्याशी श्रेहा खंडेलवाल ने उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर के ग्राम पंचायत चौराहा, समदड़िया मार्केट के पास, बाबा नारायणशाह वार्ड के प्रत्याशी



रामचन्द मूलवानी, हेमू कालाणी वार्ड की प्रत्याशी पलक आहूजा, आचार्य कृपलानी वार्ड के प्रत्याशी ईश्वर बहरानी एवं संत कंवरराम वार्ड के प्रत्याशी नितेश मनवानी के साथ घर घर दस्तक दी। श्रेहा ने कहा कि भाजपा ने सिंधी समाज के लोगों को पट्टे के नाम पर लम्बे अरसे से मूर्ख बनकर वोट लेने का काम किया है। माधवनगर में विस्थापितों की समस्याओं का हल आज तक भाजपा की सरकार ने क्यों नहीं किया। इस दौरान कांग्रेस वार्ड प्रत्यशियों के चुनाव कार्यालयों का शुभारंभ भी किया गया। जनसंपर्क के दौरान प्रियदर्शन गौड़, झम्मटमल ठारवानी, राजा जगवानी, श्याम पाहूजा, अंशू मिश्रा, अर्चना मोहन निषाद, ओम प्रकाश आहुजा, मुन्ना भाई जान, महफूज भाई, सिमरन दावड़ा, सीमा ठारवानी, पलक लालवानी, रजनी शेवलनी, दिलीप बसरानी, रवि भोजवानी, रवि डुडानी, दीपक भोजवानी, आकाश मगवानी, दीपक मंगवानी, कुशल बसरानी, मोहित पोपटानी, हरीश परसवानी, अंकित प्रत्यानी, गौरव सिंघानी आदि की उपस्थिति रही।

# बारिश आई नहीं कि बिजली गई, नागरिकों में गुस्सा




**कटनी, यशभारत।** कटनी में जरा सी बारिश में बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो जाती है। बारिश आंधी की शुरूआत करीब एक माह से यही स्थिति चल रही है। शहर से लेकर गांवों में बिजली व्यवस्था चौपट है। शहर से गांवों तक कहीं सुनवाई नहीं है। ऐसे में आम नागरिक अपनी व्यथा किसे सुनाएं। जानकारी के अनुसार कटनी में 14 मई 2022 लगभग 35 दिन पूर्व, नए एई मेंटनेंस पदस्थ हुए हैं। नागरिकों ने बताया कि उनके आती हे शहर की बिजली व्यवस्था की हालत किसी से छिपी नहीं है। शहर के नागरिकों ने बताया कि उनसे बात की गई तो उन्होंने बताया कि स्थिति ठीक नहीं है। नागरिकों ने बताया कि बिजली समस्या पर बात करने पर एई साहब कहते हैं कि स्टॉफ की कमी है, उपकरण व ट्रांसफार्मर पुराने हो गए है, उपकरणों पर ओवर लोड है। अधिकारियों के मुताबिक साल के इन गर्मियों के महीने इस तरह की बिजली दिक्कत आम बात है। बारिश होने पर सारे पुराने उपकरण खराब होकर रिप्लेस हो जाएंगे तो समस्या समाप्त हो जाएगी। कटनी विकास संघ ने इस तरह के अधिकारियों के बदले जाने की मांग की है। इससे जनता कटनी में अनावश्यक बिजली की समस्याओं से बच सकेगी। सोशल मीडिया पर बिजली की अघोषित कटौती को लेकर लोगों का गुस्सा जाहिर हो रहा है। ऐन चुनाव के वक्त बिजली की इस अव्यवस्था के बाद कुछ लोग तो यह भी कह रहे हैं कि इससे सत्ताधारी दल अर्थात बीजेपी का नुकसान होगा। खास बात यह है कि इतने सब के बाद भी जिले के जनप्रतिनिधियों का ध्यान नहीं है। आक्रोश की यह ज्वाला कहीं फूट न पड़।

# सिंधु नौजवान मंडल के चुनाव, नवीन पदाधिकारियों ने लिया समाजसेवा का संकल्प

## राजकुमार जीवनानी को सौंपी गई कमान



**कटनी, यशभारत।** सिंधी समाज की अग्रणी संस्था सिंधु नौजवान मंडल के चुनाव सिंधी समाज के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में संपन्न हुए. राजकुमार जीवनानी को मंडल का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। बैठक सिंधु सेवा समिति अध्यक्ष श्री राजकुमार नानकानी की अध्यक्षता व चुनाव अधिकारी अशोक पृथ्यानी,सच्चानंद चेलानी,मोहनलाल हीरानी,वरंदमल चांदवानी की मौजूदगी में प्रारंभ हुई। बैठक के दौरान पदाधिकारियों ने सर्वप्रथम पिछले कार्यकाल मे सम्पन्न हुए कार्यो की जानकारी दी इसके पश्चात आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। पूर्व अध्यक्ष रवि पृथ्यानी ने उनके कार्यकाल में किए गए भरपूर सहयोग के लिए सभी पदाधिकारियों कार्यकारिणी सदस्यों व समाज का आभर प्रकट कर समाज से उम्मीद जताई कि आगे भी मंडल परिवार को समाज व मंडल सदस्यों का समर्थन सहयोग मिलता रहेगा। तत्पश्चात उन्होंने अपनी कार्यकारिणी को भंग कर वर्ष 2022-23 हेतु नवीन चुनाव कराने की घोषणा की जिसके बाद आगामी वर्ष हेतु समाज जनों की उपस्थिति में नवीन चुनाव कराए गए, जिसमें 6 लोगों ने नामांकन भरा। जिसमें पांच लोगों द्वारा अपना नाम वापस लिया जिसके पश्चात राजकुमार जीवनानी को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया निर्वाचित होने के पश्चात श्री जीवनानी ने अपने पदाधिकारियों की नियुक्ति की।

### इन्हें भी मिली जिम्मेदारी

जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार पोहानी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष विजय हिंदूजा, सचिव श्रीचंद तनवानी, सह सचिव सुनील पृथ्यानी, कोषाध्यक्ष सुरेश चावला, ऑडिटर पद हेतु अशोक आहूजा मनोनीत किए गए चुनाव प्रक्रिया के दौरान संस्था के चंदूलाल जादवानी, मनोहर गलानी,विजय रोहरा, अमर पुरूस्वानी, रवि पृथ्यानी, विजय मूलचंदानी, राजेश रोहरा, दीपक भगवानी, टेकचंद साहनी, गुलाब आहूजा, ईश्वर वाधवानी, दिलीप रोहरा, सुरेश भाटिया, महेश रोचलानी, राकेश चांदवानी, सतराम सुंदरानी, चंद्र कुमार जीवनानी, रवि टोपनानी, विक्की पुरस्वानी, सुशील रावलानी, मनीष जीवनानी, नारायणदास पेसवानी, राम तख्तानी, महेश पंजवानी विजय जीवनानी, जयकुमार रामसिंघानी, संजय जीवनानी, पुरुषोत्तम रतनानी, अमर जादवानी, विनय जादवानी, घनश्याम मोहनानी,पंकज रामसिंघानी, दीपक भठीजा, नरेश जाधवानी, आशु राजलानी, देवांश ननकानी आदि बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति रही।



# बारिश के बावजूद सामान्य नहीं हो पाई ननि की जलापूर्ति

**कटनी, यशभारत।** कटनी में भले ही बारिश हो रही हो लेकिन नगर निगम का जलसंकट बरकरार है। जिले में 117.1 मिलीमीटर वर्षा अबतक हुई है। औसत वर्षा 1124 मिलीमीटर होती है। पिछले वर्ष की तुलना में बारिश कम बताई जा रही है। कम बारिश के चलते अभी भी शहवासियों को पेयजल की गंभीर समस्या से सामना करना पड़ रहा है। बारिश के बाद से कटायेघाट के ऊपर बने सबसे बड़े बैराज में 5 फीट 6 इंच पानी हो गया है। इसके बढने् के चलते नगर निगम ने एक दिन छोड़कर एक दिन सप्लाई करने का निर्णय लिया है। बारिश के बाद भी हर दिन पानी सप्लाई की स्थिति में नगर निगम नही है। बता दें कि 4 से पांच इंच पानी प्रतिदिन बैराज से लिया जाता है। 1 इंच पानी में लगभग 10 से 11 मिलियन लीटर पानी लिया जाता है। पांच फीट पानी के अनुसार यह 15 से 16 दिन के लिए पानी हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार जिले में मध्यम से भारी बारिश की संभावना है, इसके बाद भी नगर निगम प्रशासन प्रतिदिन पानी सप्लाई करने के मूड में नही है। भरी बरसात शहवासियों को टैंकर व अपने जुगाड़ से ही कुछ दिनों तक और प्यास बुझानी होगी।

### पूर्व पार्षद व प्रत्याशियों को करना पड़ रहा आग्रह

प्रेमनगर के रहवासियों ने बताया कि क्षेत्र में दो दिन के अंतराल में ही नलों से कुछ समय के लिए पेयजल सप्लाई की जाती है। एक दिन पानी भरने के बाद दो दिन तक परेशान होना पड़ता है। जिस दिन पानी नहीं आता उस दिन नगर निगम द्वारा समय पर टैंकर की व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की जाती। वार्ड के निवर्तमान पार्षद या फिर प्रत्याशियों से संपर्क करने के बाद ही क्षेत्र में टैंकर पहुंचते हैं, जिससे वे लोग पेयजल की व्यवस्था कर पाते हैं। ऐसे में समय पर काम धंधे में जाने को लेकर भी स्थिति बनी रहती है। शनिवार को प्रेमनगर में दोपहर में टैंकर पहुंचा, जिसके बाद लोगों ने पानी भरा।

### ये हुआ था निर्णय

जिले में हुई बारिश के चलते कटनी नदी पर निर्मित बैराज के जलस्तर में लगभग 5 फीट 6 इंच की बढ़त दर्ज की गई है। निगम के जल प्रदाय विभाग के अनुसार बैराज में जल की उपलब्धता को देखते हुए 4 जुलाई से तिलक कॉलेज टंकी, डन हिल, माधवनगर टंकी एवं बस स्टैंड नदी पार टंकी से संबंधित क्षेत्रों में होने वाली पेयजल आपूर्ति अब दो दिवस के स्थान पर एक दिन छोड़कर एक दिन की जाएगी। सिविल लाइन टंकी एवं फारेस्ट ऑफिस टंकी से संबंधित क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति यथावत एक दिन छोड़कर एक दिन की जाएगी।

# कोराना के बाद अब क्या चुनाव के कारण कटनी के कालेजों में कम एडमीशन?





**कटनी,यशभारत।** कोराना के बाद अब क्या इसे चुनाव का असर समझा जाए कि छात्रों को कटनी के कालेजों में प्रवेश की रूचि नहीं। शहर के अग्रणी तिलक कॉलेज, गर्ल्स कॉलेज सहित जिले के 10 कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। सीएलसी राउंड का एक चक्र पूरा हो गया है। दूसरा और तीसरा चक्र चल रहा है, दूसरे सीएलसी राउंड का सिर्फ तीन दिन का समय शेष बचा है। अभी तक जिले के कॉलेजों में 50 फीसदी से अधिक सीटें खाली हैं। इसकी मुख्य वजह बताई जा रही है कि 28 जून से ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया में बच्चे ही नहीं दिख रहे हैं। पोर्टल में रजिस्ट्रेशन की समस्या जा रही है। बता दें कि जिलेभर के 10 सरकारी कॉलेजों में 6 हजार 207 सीटें आवंटित हुई हैं, जिनमें से अभी तक मात्र 2487 बच्चों ने ही प्रवेश लिया और 3 हजार 720 सीटें खाली हैं। पिछले वर्ष अकेले तिलक कॉलेज में 2200 से अधिक बच्चों ने प्रवेश लिया था। दर्ज संख्या 4500 के ऊपर थी। जानकारी के अनुसार प्रथम सीएलसी चरण 3 जून से शुरू हुआ था और पूरी प्रक्रिया 23 जून तक चली। हालांकि 17 मई से कॉलेजों में प्रवेश के लिए जागरुकता कार्यक्रम शुरू हो गए थे। इसके अलावा दूसरे चरण का सीएलसी राउंड 16 जून से शुरू हुआ और प्रक्रिया अभी 6 जुलाई तक चलनी है। तीसरे सीएलसी राउंड 27 जून से शुरू है जो 16 जुलाई तक चलेगी।

# विवाद पर सरपंच पति का आया जवाब



**कटनी, यशभारत।** मध्य प्रदेश के कटनी जिले में विजयी प्रत्याशी के पति ने विवादति नारे लगने पर सफाई दी है. विजयी प्रत्याशी के पति वाजिद खान ने कहा कि सोशल मीडिया पर विवादित नारे को लेकर जो वीडिया वायरल हो रहा है, उसकी निष्पक्ष जांच की जाए। नारे पर परिवाद से उन्होंने अपनी जान को खतरा बताया और प्रशासन से सुरक्षा की मांग की है।

### देश विरोधी नारे को लेकर हुआ था विवाद

कटनी के कुठला थाना के ग्राम चाका में लगे देश विरोध के नारे को लेकर माहौल गरमाया हुआ है. रविवार को वाजिद खान ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि कुछ लोग राजनीतिक दुश्मनी निभा रहे हैं. हमारे परिवार को षड्यंत्र करके फंसाया जा रहा है।


### परिवार को किया जा रहा है बदनाम

वाजिद खान ने बताया कि वह 2014 से जनपद सदस्य हैं और उनकी पत्नी पहले भी चाका ग्राम पंचायत से सरपंच है और दोबारा सरपंच चुनी गई है जिसको लेकर चुनाव में हारे कुछ लोगों ने वीडियो एडिट कर के वायरल कर दिया ये लोग मुझे और मेरे परिवार को बदनाम कर रहे हैं. हमारा पूरा परिवार में दहशत में है. पुलिस से में अपने परिवार की सुरक्षा की मांग करता हूं. हम भी इस वीडियो की सत्यता की मांग कर रहे हैं. इसकी निष्पक्ष जांच हो और जो भी दोषी उस पर कार्रवाई हो.

### ये था मामला

बता दें कि जिले के चाका ग्राम पंचायत चुनाव में सरपंच की जीत पर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगे. दरअसल, कटनी के चाका ग्राम पंचायत में सरपंच पद के लिए हुए चुनाव में मतदान के बाद उम्मीदवार रहीशा वाजिद खान जीत गईं. बताया जा रहा है कि जीत के बाद रहीशा वाजिद खान अपने घर पहुंची जहां मौजूद कार्यकर्ताओं ने वाजिद भाई जिंदाबाद के नारे लगाए और कुछ लोगों ने पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 01 से
सायं 4.45 एवं रात्रि 10 बजे से




ROCKETRY (The Nambi Effect)
कलाकार- आर. माधवन, सिमरन, रजित कपूर, कार्तिक कुमार आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 01 से
दोपहर 1, 4, एवं सायं 7 बजे से




जुग जुग जियो
कलाकार- वरूण धवन, कियारा आडवानी, अनिल कपूर, नीतू कपूर आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 01 से
दोपहर 12, 2.30,7.30, एवं रात्रि 10 बजे से




ओम (The Battle Within)
कलाकार- आदित्य राय कपूर, तापसी पन्नू, प्रकाश राज, जैकी श्राफ आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, सोमवार, 04 जुलाई 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# ट्रेनों में भीड़ बढ़ी तो रेलवे ने लगाए अतिरिक्त कोच

## यात्रियों को मिली सुविधा, रेलवे की बढ़ेगी आय

**कटनी, (यशभारत)।** रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात एवं प्रतीक्षा सूची को क्लीयर करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 12149/12150 पुणे दानापुर पुणे एक्सप्रेस में लगाए जा रहे वतानुकूलित तृतीय श्रेणी के एक अतिरिक्त कोच की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। यह अतिरिक्त कोच गाड़ी संख्या 12149 पुणे दानापुर एक्सप्रेस में 1 जुलाई से 31 जुलाई तक अपने प्रारंभिक स्टेशन पुणे तथा वापसी में गाड़ी संख्या 12150 दानापुर पुणे एक्सप्रेस में 3 जुलाई से 2 अगस्त तक अपने प्रारंभिक स्टेशन दानापुर से गन्तव्य के लिए जुड़ेगा। इससे पूर्व यह अतिरिक्त कोच गाड़ी संख्या 12149 पुणे दानापुर एक्सप्रेस में 30 जून तक तथा गाड़ी संख्या 12150 दानापुर पुणे एक्सप्रेस में 2 जुलाई तक लगाने का निर्णय लिया गया था।



### भोपाल सिंगरौली एवं निजामुद्दीन सुपरफास्ट में मिली सुविधा

इसी तरह भोपाल सिंगरौली एवं सिंगरौली निजामुद्दीन सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेनों में 1 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी एवं 1 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का कोच स्थायी रूप से बढ़ाया जा रहा है। गाड़ी संख्या 22165 भोपाल सिंगरौली एक्सप्रेस में भोपाल स्टेशन से 6 जुलाई तथा वापसी में गाड़ी संख्या 22166 सिंगरौली भोपाल एक्सप्रेस ट्रेन में सिंगरौली स्टेशन से 7 जुलाई से स्थाई रूप से बढ़ाए जा रहे हैं। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 22167 सिंगरौली निजामुद्दीन एक्सप्रेस ट्रेन में सिंगरौली स्टेशन से 10 जुलाई से तथा वापसी में गाड़ी संख्या 22168 निजामुद्दीन सिंगरौली एक्सप्रेस ट्रेन में निजामुद्दीन स्टेशन से 11 जुलाई से स्थाई रूप से बढ़ाए जा रहे हैं। वातानुकूलित श्रेणी के 2 कोच बढ़ जाने से यह गाड़ी 1 वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी, 1 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 3 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 10 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य श्रेणी एवं 2 एसएलआरडी सहित 21 कोचों के साथ चलेगी।

### रीवा राजकोट एक्सप्रेस में बढ़ाए गए कोच

इसी तरह गाड़ी संख्या 22937/22938 राजकोट रीवा सुपरफास्ट एक्सप्रेस में वातानुकूलित प्रथम श्रेणी का एक कोच स्थाई रूप से बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना स्टेशनों से होकर रीवा स्टेशन पर टर्मिनेट प्रारम्भ होगी। गाड़ी संख्या 22937 राजकोट से रीवा सुपरफास्ट साप्ताहिक एक्सप्रेस में 3 जुलाई से प्रारंभिक स्टेशन राजकोट और वापसी में गाड़ी संख्या 22938 रीवा से राजकोट सुपरस्टार साप्ताहिक एक्सप्रेस में रीवा से 4 जुलाई से वातानुकूलित प्रथम श्रेणी का एक कोच स्थाई रूप से बढ़ाया जा रहा है। इससे यात्रियों को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी की कुल 18 बर्थ की अतिरिक्त सुविधा मिलेगी। गाड़ी में एक कोच बढ़ जाने से यह गाड़ी 1 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 2 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 6 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 9 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य श्रेणी एवं 2 एसएलआरडी सहित कुल 24 कोच के साथ चलेगी।



# कैलवाराखुर्द के पास पलटा रेत ओवरलोड हाइवा

## युवक की मौत, एक गंभीर, जिला चिकित्सालय में भर्ती

**कटनी, (यशभारत)।** कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कैलवारा खुर्द के पास ओवरलोड रेत लोड हाइवा के पलट जाने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला चिकित्सालय में भर्ती किया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर कैलवाराखुर्द में रेत लोड हाइवा क्रमांक एमपी 21 जी 0960 रेत लेकर आ रहा था, इसी दौरान चालक की लापरवाही की वजह से अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में नन्हवारा थाना बड़वारा निवासी 35 वर्षीय महेश चौधरी पिता दरबारी लाल चौधरी की मौके पर मौत हो गई है, वहीं कृष्ण कुमार बर्मन पिता संतोष बर्मन निवासी नन्हवारा थाना बड़वारा घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना कुठला पुलिस व 108 एंबुलेंस को दी। एंबुलेंस से घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। बस स्टैंड चौकी प्रभारी प्रियंका राजपूत ने बताया कि घायल की हालत गंभीर है। मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

# आरटीई के तहत एडमीशन प्रक्रिया पर चुनाव का असर

## राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्राइवेट स्कूलों में प्रवेश के लिए बढ़ाई तारीख, अब कल तक जमा होंगे आवेदन

**कटनी, (यशभारत)।** प्राईवेट स्कूलों में गरीब एवं कमजोर वर्ग के बच्चों को निःशुल्क प्रवेश दिए जाने की प्रक्रिया पर इस बार नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव का सीधा असर देखने को मिल रह है। यही कारण है कि चुनाव के चलते आवेदन की तिथि को आगे बढ़ाया यगा है। जानकारी के मुताबिक निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2022-23 में प्रायवेट स्कूलों की प्रथम कक्षा में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन अब कल 5 जुलाई तक किए जा सकेंगे। पूर्व में यह तिथि 30 जून तक निर्धारित गई थी। शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पात्रतानुसार निजी विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदकों का चयन ऑनलाइन लॉटरी के द्वारा 14 जुलाई को किया जायेगा। वर्तमान में स्थानीय निकाय निर्वाचन प्रक्रिया में शासकीय सेवकों की ड्यूटी और कई पालकों द्वारा ऑनलाइन आवेदन के पश्चात सत्यापन कार्य नहीं कराए जा सकने की स्थिति में छात्र हित को दृष्टिगत रखते हुए समय सारणी में संशोधन किया गया है। संशोधित समय सारणी अनुसार पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन और त्रुटि सुधार 5 जुलाई तक करा सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन के बाद निकट के सत्यापन केंद्र में सत्यापनकर्ता अधिकारियों से 9 जुलाई तक सत्यापन कराए जा सकेंगे। 14 जुलाई को रेंडम पद्धति से ऑनलाइन लॉटरी द्वारा बच्चों को स्कूलों का आवंटन किया जाएगा। ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से स्कूल आवंटन पश्चात संबंधित बच्चा 23 जुलाई तक एडमिशन ले सकेगा।

# 32 वर्षों से 7वीं बार बछरवारा पंचायत का भरोसा डब्बू भैया के साथ

### छुन्नी बाई कोल बनी सरपंच

**कटनी यशभारत।** बड़वारा मुख्यालय के ग्राम बड़वारा खुर्दए, बछरवारा,चिरूहली, चांदन, किन-किन टोला गांव की हमेशा चर्चित ग्राम पंचायत बछरवारा एक बार फिर निवर्तमान वरिष्ठ सरपंच राजकमल सिंह चौहान डब्बू भैया के मार्गदर्शन पर 32 वर्षों से लगातार 7वीं बार विश्वास जताते हुए ग्राम पंचायत बछरवारा के अंतर्गत आने वाले गांव के नागरिकों ने छुन्नी बाई कोल को 459 मतों के अंतराल से प्रचंड बहुमत से विजयी बनाया है। ज्ञात है कि 2010 में पूर्व सरपंच डब्बू भैया के आग्रह पर ग्राम पंचायत बछरवारा के नागरिकों ने 'निर्विरोध सरपंच' निर्वाचित कर कटनी जिले में मिसाल पेश की थी वा छुन्नी बाई कोल को जनपद सदस्य निर्वाचित किया था। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने अपने पैतृक गांव से छुन्नी बाई कोल को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने पर गांव के समस्त नागरिकों को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है। बड़वारा क्षेत्र के विधायक बसंत सिंह' ने कहा है कि बड़वारा मुख्यालय की बछरवारा ग्राम पंचायत से छुन्नी बाई कोल को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने पर क्षेत्र के वरिष्ठ नेता निवर्तमान पूर्व सरपंच राजकमल सिंह चौहान डब्बू भैया को शुभकामनाएं देते हुए ग्राम बड़वारा खुर्द बछरवारा, चिरूहली, चांदन, किन-किन टोला के नागरिकों को बधाई प्रेषित की है।



# मतदान दलों को सामग्री वितरण एवं वापसी का दिया गया प्रशिक्षण

**कटनी (यशभारत)।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तृतीय चरण मे जनपद क्षेत्र रीठी एवं बहोरीबंद मे शुक्रवार 8 जुलाई को मतदान होना है, इसकी तैयारियों हेतु जनपद स्तर पर आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रहीं है। जिसके परिपेक्ष्य में जनपद सभागार रीठी मे मतदान दलों को सामग्री वितरण एवं वापसी का प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर धीरेन्द्र अग्रवाल ने प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण के दौरान बताया कि रीठी मे 14 मतदान सामग्री वितरण केन्द्र उत्कृष्ट विद्यालय रीठी मे बनाए गए है। मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी हेतु नियुक्त दल के कर्मचारियों को 7 जुलाई को प्रातः 6 बजे स्थल पर उपस्थित होने हेतु कहा गया है। इस दौरान अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अजीत सिंह सहित अन्य अधिकारियों कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

# सार्वजनिक सभा, प्रचार-प्रसार जुलूस, रैली पर प्रतिबंध

**कटनी (यशभारत)।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कटनी जिले की नगर परिषद विजयराघवगढ एवं कैमोर मे प्रथम चरण हेतु मतदान 6 जुलाई को होना है। जिसके फलस्वरूप




अभ्यार्थियों, राजनैतिक दलों, शासकीय विभागों, पंचायत एवं उनके कर्मचारियों के लिए आयोग द्वारा जारी आदर्श आचरण संहिता में दिये गए निर्देश के अनुपालन मे मतदान की समाप्ति तक के लिए नियत किये गए समय के साथ समाप्त होने वाले पिछले 48 घंटों की कालावधि के दौरान सार्वजनिक सभा, जुलूस, रैली इत्यादि करने पर आयोग द्वारा प्रतिबंधित किया गया है। आयोग के निर्देश के अनुपालन मे संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन ने सर्व साधारण को सूचित किया है कि प्रथम चरण के मतदान हेतु 04 जुलाई को शाम 5 बजे से मतदान समाप्ति तक के लिए सार्वजनिक सभा, प्रचार प्रसार, जुलूस, रैली इत्यादि करने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई है।



# जरा सी बारिश में ओव्हर फ्लो हो जाता है नाला

**कटनी (यशभारत)।** शहर में बारिश का दौर शुरु हो गया है लेकिन खुले नालों की समस्या का समाधान नहीं किया गया। यही नाले कभी-कभी बारिश में हादसों का कारण बन जाते हैं। इसके बाद भी मामले में समसस्या का समाधान नहीं किया जाता है। खुले नाले हादसों का कारण बनते हैं लेकिन नगरनिगम द्वारा मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे नागरिकों पर बारिश के हादसों का खतरा भी मंडरा रहा है। शहर में बारिश शुरू हो गई है। बारिश के पूर्व नगर निगम को जल जमाव वाले क्षेत्र, नालों की सफाई सहित नालों को सुरक्षित करना अनिवार्य है। बारिश के पूर्व इंतजामों की कलई खुलकर सामने आ रही है। शहर के उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर व हाउसिंग बोर्ड में जगह-जगह नाले खुले हैं। नगर निगम द्वारा बारिश के सीजन में हादसों को रोकने व स्वच्छता के लिहाज से शहरभर के नालों को ढंक कर रखना है। जालियों व बेरिकेड्स से सुरक्षित करना है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। हैरान करने वाली बात तो यह है कि शहर के जनप्रतिनिधि भी बेखबर हैं। बारिश के पहले यदि नालों को सुरक्षित नहीं कराया गया तो परिणाम ठीक नहीं होंगे। विश्राम बाबा गेट से माधवनगर की ओर जाने वाले मार्ग में दुगाड़ी नाले का नजारा है। बारिश में यह नाला एकदम उफान पर रहता है। अत्यधिक बारिश होने पर पानी भी कई बार ऊपर आ जाती है, ऐसे में सड़क का जान पड़ना मुश्किल होता है, इसके बाद भी इसकी साइडें खुली हैं जो हादसे का कारण बन सकती हैं। तांगा स्टैंड के लिए जाने वाले मार्ग में नाले का मुहाना खुला हुआ है। यहां पर बारिश में तेज फ्लो के साथ पानी बहता है।

# राइजिंग स्टार्स ने जीता खिताब

### निवार में चल रहे एनपीएल सीजन 6 का समापन

**कटनी, यशभारत।** एनपीएल 6 के फाइनल मुकाबले में राइजिंग स्टार्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 182 रनों का लक्ष्य खड़ा किया जिसमें आकाश त्रिपाठी 87 (30) अभिलाष जाटव 25 (12) निक्की 25 (18) रनों का अहम योगदान रहा शानू ने 3 शारिक,आशीष कप 2-2 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी स्टेशन टाइगर्स की टीम ने अंशुल 59(25) आशीष दुबे 58 (25) रनों की सहायता से 172 रन ही बना सकी राइजिंग स्टार्स से कप्तान राजकिरण ने 3 विकेट और दीपक-निक्की ने 1-1 विकेट प्राप्त किया। रोमांचक मुकाबले में राइजिंग स्टार्स ने 10 रन से जीत दर्ज की आकाश त्रिपाठी को मैन ऑफ द मैच, अंशुल दुबे को मैन ऑफ द सीरीज और बेस्ट बैट्समेन का खिताब साथ ही एम.एम. स्पोर्ट्स द्वारा नया बैट प्रदान किया गया और पूरे टूर्नामेन्ट में शानदार गेंदबाजी करने वाले अभिषेक शुक्ला को बेस्ट बॉलर ऑफद टूर्नामेंट और पर्पल कैप से नवाजा गया। कार्यक्रम के समापन में वार्ड नं. 7 से जिला पंचायत सदस्य अखिल पांडेय और सरपंच पहाड़ी बृजनंदन पटेल ने विजेता और उपविजेता टीम को पौनिया संरपंच सुनील यादव ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच पहाड़ी निवार शिवकुमार सेन, कृष्ण कुमार सिंह, बिचुआ सरपंच उमादेवी दुर्गेश सरवरी, कयूम खान एवं निखिल केवट ने युवाओं को सम्मानित किया।





## किराये से देना है

सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति,
22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस, बैंक,
कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड
बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

From 01st July 2022
CINEWORLDZ CINEMA KATNI
Mittal MALL
Tuesday Offer
@99/-
Available On All Seats Except Recliners
Paytm
bookmyshow




TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

## एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग

प्रवेश प्रारंभ Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902 प्रवेश प्रारंभ
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्टबेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC

छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# कलेक्टर व एसपी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

## मतदान कर्मियों की सुविधाओं का रखें ध्यान

**कटनी (यशभारत)।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तीसरे चरण में शुक्रवार 8 जुलाई को जिले के रीठी और बहोरीबंद जनपद क्षेत्र में होने वाले मतदान से संबंधित जरूरी व्यवस्थाओं और तैयारियों का रविवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और पुलिस अधिक्षक सुनील कुमार जैन ने संयुक्त रूप से निरीक्षण कर जायजा लिया। कलेक्टर श्री मिश्रा और पुलिस अधीक्षक श्री जैन ने रीठी जनपद क्षेत्र के ग्राम तिलगवां, बिलहरी, रीठी, निटर्रा और देवगांव के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। मतदान केंद्रों में मतदान के पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। श्री मिश्रा ने मतदान दलों को जरूरी मूलभूत सुविधाएं सुविधायें मुहैया कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये ताकि मतदान दलों को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मिश्रा ने मतदान केंद्रों में बुजुर्गो एवं दिव्यांगों को रैंप, उपकरण व अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी प्रदान किए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को कम्युनिकेशन प्लान दुरुस्त रखने के लिए कहा, ताकि आवश्यकता पड़ने पर समस्या का त्वरित समाधान किया जा सके। कलेक्टर श्री मिश्रा ने ग्रामीण जनों से संवाद करते हुए कहा कि मतदाता बिना किसी डर या भय के निर्भीक होकर, बिना किसी लोभ और लालच के मतदान कर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्वाचन प्रक्रिया के



दौरान राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नियमों व प्रक्रियाओं का पालन करने हिदायत दी। एसपी श्री जैन ने शांतिपूर्ण निर्देशन और निष्पक्ष चुनाव कराए जाने हेतु पुलिस एवं पेट्रोलिंग दलों को आवश्यक निर्देश दिए। अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरंतर भ्रमण करते हुए वस्तुस्थिति से अधिकारियों को अवगत कराते रहें। निरीक्षण के दौरान एसडीएम प्रिया चंद्रावत, तहसीलदार विजय द्विवेदी, सीईओ जनपद ज्ञानेंद्र मिश्रा, नायब तहसीलदार निधि तिवारी एवं अन्य अधिकारियों की मौजूदगी रही।



# एसडीएम ने रीठी मतदान केन्द्रों की देखीं व्यवस्थाएं

**कटनी (यशभारत)।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तृतीय चरण मे शुक्रवार 8 जुलाई को जनपद क्षेत्र रीठी एवं बहोरीबंद मे मतदान होना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा के निर्देशन मे प्रथम एवं द्वितीय चरण के चुनाव शांतिपूर्ण, निर्विघ्न एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो चुके है। तृतीय चरण के मतदान की आवश्यक व्यवस्थाओं को दृष्टिगत रखते हुए एस.डी.एम. कटनी प्रिया चंद्रावत ने रविवार को जनपद क्षेत्र रीठी के तिलगवां, बिलहरी, निटर्रा, देवगांव एवं अन्य मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्रों मे प्रकाश की वैकल्पिक व्यवस्था, पेयजल एवं मतदान दलों हेतु मूलभूत सुविधाओं को मुहैया कराने के निर्देश दिए। एस.डी.एम. ने दिव्यांगों एवं बुजुर्गो हेतु मतदान केन्द्रों में रेंप एवं उपकरणों की व्यवस्था कराने तथा बारिश की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। इस दौरान तहसीलदार विजय द्विवेदी, सी.ई.ओ जनपद ज्ञानेन्द्र मिश्रा, नायब तहसीलदार निधि तिवारी एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रही।



# मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाएं रखें दुरुस्त - प्रेक्षक

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तृतीय चरण मे शुक्रवार 8 जुलाई को जनपद क्षेत्र रीठी एवं बहोरीबंद मे मतदान होना है। मतदान के पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्था दुरूस्त कर ली जावें। यह निर्देश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक शैलेन्द्र खरे ने निर्वाचन की तैयारियों हेतु रविवार को आयोजित समीक्षा बैठक में दिये। श्री खरे ने सामग्री वितरण, वापसी स्थल एवं मतदान केन्द्रों में निर्धारित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किये जाने के साथ मतदान के पूर्व स्थल निरीक्षण के निर्देश अधिकारियों को दिये। इस दौरान तहसीलदार विजय द्विवेदी, सीईओ जनपद ज्ञानेन्द्र मिश्रा, नायब तहसीलदार निधि तिवारी एवं अन्य अधिकारियों की मौजूगी रही।

# अपग्रेड होकर 132 केवी होगा बहोरीबंद का पावर हाउस

## दो सौ गांव के लोगों को वोल्टेज और ट्रिपिंग की समस्या से मिलेगा छुटकारा



**कटनी (यशभारत)।** बहोरीबंद तहसील मुख्यालय में स्थित 33 केवी, विद्युत सब स्टेशन को अपग्रेड कर 132 केवी, पावर हाउस किया जाएगा। मप्र ऊर्जा विभाग मंत्रालय ने इसे स्वीकृत कर राशि जारी कर दी है। पावर हाउस का निर्माण मप्र पावर ट्रांसमिशन कम्पनी के द्वारा प्राइवेट एजेन्सी के माध्यम से कराया जाना प्रस्तावित है। बहोरीबंद तहसील क्षेत्र में बिजली की समस्या को देखते हुए विधायक प्रणय पांडे ने बहोरीबंद सब स्टेशन को 132 केवी, करने के लिए प्रयास किये थे जिसे शासन के द्वारा मंजूर कर दिया गया है। क्षेत्र में बिजली की समस्या को दूर करने की दिशा में इसे बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है। पावर हाउस बन जाने से बहोरीबंद सहित सभी सीमावर्ती तहसील रीठी, स्लीमनाबाद, और मझौली बचैया के विद्युत उपभोक्ताओं को इससे लाभ होगा और बिजली की अनेकों प्रकार की परेशानियों से निजात मिलेगी। सप्लाई लाइन की दूरी कम होगी। इससे वोल्टेज घटबढ़, फाल्ट, ट्रिपिंग सहित ऐसी समस्याओं से उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी जिससे वो कमोबेश आये दिन जूझते हैं।

### कुआँ गाव में सब स्टेशन की सौगात

बहोरीबंद में जहां 132 केवी पावर हाउस स्वीकृत हुआ है वही कुआं गांव में सब स्टेशन के निर्माण को मंजूरी दी गई है।विधायक प्रणय पांडेय की पहल पर मिली दोहरी सफ्लता से निश्चित रूप से क्षेत्र से अंधेरा छटेगा और रोशनी का सूरज निकलेगा। कुआं में सबस्टेशन बनने से किरहाई पिपरिया, पटुरिया, नीमखेड़ा, बड़खेरा नीम, भटकवां, कुआ, खड़रा, घुटेही, दुर्गानगर, सलैया, कछारगाव, कौआ रोड, निमास, जुजावल, राखी, साल्हेभार, पडवारए तिलहरी, अमोच, रामपुर, छपरापोंडी, कुम्हरवारा, बुधनवारा, अमोच, भखरवारा गांव के बिजली उपभोक्ताओं को परेशानी दूर हो जाएगी।

### इनका कहना है-

बहोरीबंद में 132 केवी पावर हाउस और कुआँ में सब स्टेशन का निर्माण होना स्वीकृत है। बहोरीबंद पावर हाउस निर्माण निजी कंपनी के द्वारा कराया जाना है। इन दोनों कार्यो के होने से क्षेत्र के उपभोक्ताओं सुविधा मिलने के साथ अनेक परेशानियों से छुटकारा मिलेगा।

**एस के चतुर्वेदी, जे ई, मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी जबलपुर**

### 20 करोड़ की लागत से होगा निर्माण

समाजसेवी विनोद गर्ग ने बताया कि बहोरीबंद के विद्युत पावर हाउस का निर्माण करीब 20 करोड़ की लागत से किया जाना है। जिसमे निर्माण के साथ चारो दिशाओं में स्थित सब स्टेशनों की लाइनों को चार्ज किया जाना शामिल है। ऊर्जा विभाग मंत्रालय से स्वीकृति मिल जाने के बाद अब इसके भूमिपूजन का इंतजार है।हासिल जानकारी के अनुसार सीएम शिवराज सिंह के बहोरीबंद दौरे का इंतजार किया जा रहा है, जिसमे नर्मदा पानी लाने के प्रोजेक्ट, बाकल तहसील भवन लोकार्पण व बहोरीबंद पावर हाउस सहित अनेक कार्यो का भूमिपूजन होंना है।करीब 9 महीने पूर्व तय कार्यक्रम रद्द हो जाने से यह प्रोग्राम भी टल गया था।

## अमानक पॉलीथिन पर प्रतिबंध, रोजाना की जा रही कार्यवाही

# 17 किलो अमानक पॉलीथिन जप्त,वसूला जुर्माना

**कटनी (यशभारत)। भारत सरकार पर्यावरण वन जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के प्रावधानों अनुसार प्रदेश मे 1 जुलाई 2022 से पोलीस्टाईरिन और विस्तारित पालीस्टाईरिन थार्माकोल वस्तुओं सहित सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के निर्माण, आयात, भंडारण, विक्रय, वितरण और उपयोग पर प्रतिबंध लागू किया गया है।**

जारी आदेशों के परिपालन एवं निगायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन मे निगम प्रशासन के नियुक्त दल द्वारा विगत दो दिवसों मे नगर निगम कटनी क्षेत्र के विभिन्न स्थलों में सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध का पालन करवाने हेतु प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यवाही के दौरान बाजार क्षेत्र स्थित थोक विक्रेताओं, किराना बाजार, सब्जी बाजार, खोवा बाजार, आदि क्षेत्रों मे दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक का क्रय विक्रय एवं उपयोग नहीं करने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही जो दुकानदार सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय एवं भंडारण करते पाए जानें पर 17 किलो की जप्ती के साथ-साथ 6950 रूपये जुर्मानें की कार्यवाही की गई। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने आमजनों से प्रतिबंधात्मक पॉलीथिन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करनें की अपील करते हुए कहा कि निरीक्षण के दौरान प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं अमानक पॉलीथिन का उपयोग करते पाये जाने पर जप्ती के साथ साथ जुर्मानें की कार्यवाही की जावेगी।




# बैराज के जलस्तर में बढ़त दर्ज



**कटनी (यशभारत)।** विगत दिवसों में कटनी जिले में हुई बारिश के फलस्वरूप कटनी नदी पर निर्मित बैराज के जलस्तर में लगभग 5 फ़ीट 6 इंच की बढ़त दर्ज की गयी है। निगम के जल प्रदाय विभाग द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा के निर्देशानुसार वर्तमान में बैराज में जल की उपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए सोमवार 04 जुलाई से तिलक कॉलेज टैंकए डन हिलए माधवनगर टैंक एवं बस स्टैंड नदी पार टैंक से संबंधित क्षेत्रों में होने वाली पेयजल आपूर्ति अब दो दिवस के स्थान पर एक दिन छोड़कर एक दिन की जावेगी एवं सिविल लाइन टैंक एवं फारेस्ट आफिस टैंक से संबंधित क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति यथावत एक दिन छोड़कर एक दिन की जावेगी।

# जिले में अब तक 126.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**कटनी (यशभारत)।** कटनी जिले में इस वर्ष 1 जून से 3 जुलाई की अवधि तक कुल 126.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है



जबकि बीते वर्ष इसी अवधि के दौरान 162.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल पिछले वर्ष की तुलना में कम वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस साल अलोच्य अवधि तक वर्षा मापी केंद्र कटनी में 136.6 मिलीमीटर, रीठी में 155.1 मिली मीटर, बड़वारा में 113.0 मिलीमीटर, बरही में 97.0 मिलीमीटर, विजयराघवगढ़ में 108.4 मिलीमीटर, बहोरीबंद में 154.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इसी प्रकार स्लीमनाबाद में 131.4 मिलीमीटर एवं ढीमरखेड़ा में 121.0 मिलीमीटर वास्तविक वर्षा दर्ज की गई।

# खिरहनी शाला में बच्चों को दी न्यायालय की जानकारी

**कटनी, यशभारत।** विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय न कटनी के मुख्य न्यायाधीश श्यामाचरण उपाध्याय एवं सचिव दिनेश नोटिया एवं विधिक सहायता अधिकारी अनुज सर के निर्देशानुसार बाल संवर्धन एवं संरक्षण सप्ताह में शिविर का आयोजन शासकीय माध्यमिक शाला खिरहनी में किया गया बच्चों को न्यायालय की जानकारी विधिक प्राधिकरण से संबंधित सभी योजनाओं का लाभ की विस्तारपूर्वक जानकारी श्रीमती प्रीति सेन के द्वारा दी गई। प्राधिकरण की योजनाएं विधिक सुविधा विधिक सहायता ई-न्यायालय ऐप की जानकारी इन सभी जानकारियों से बच्चों को अवगत कराया बिना लाइसेंस के गाड़ी चलाने पर भी कानून बना है। लाइसेंस बनाना बहुत जरूरी है स्वच्छता रखना कितना जरूरी है गुड टच बैड टच के बारे में भी बच्चों को बताया पॉलिथीन प्लास्टिक 1, ता. से बैन लगा हुआ है प्लास्टिक पॉलीथिन कितना हानिकारक है उसकी जानकारी से बच्चों को अवगत कराया कभी भी यदि आप कोई भी सामान खरीदने जाते हैं तो घर से अपना झोला लेकर ही जाएं पॉलिथीन में कोई भी सामान नहीं खरीदें सामने वाले को भी जागरूक करना बहुत जरूरी है यदि आप झोला लेकर जाते हैं दुकानदार भी आपको झोले में ही सामान देगा पॉलिथीन मैं नहीं इसकी जानकारी से बच्चों को जागरूक किया यदि पॉलीथिन प्लास्टिक का कोई भी सामान जेसे झंडा बैलून 19 चीजो पर असर की जानकारी के बारे मे बताया यदि प्लास्टिक का सामान पॉलीथीन बनाता या बेचता हुआ पाया गया तो उस को 7 साल की सजा और 1 लाख का जुर्माना का प्रावधान है प्लास्टिक से प्रदूषण फैलता है वह हानिकारक है बच्चों को जानकारी दी स्कूल स्टाफ उपस्थित में पहलाद गर्ग जी प्रधान अध्यापक सरवन तिवारी, रेवा नेगी, प्रतिमा परोहा जितेंद्र त्रिपाठी, शिवकुमार परोहा, प्रमोद सोलंकी, मंजू सिंह गई निधि अग्रहरी राजेश्वरी पटेल राजना पांडे वंदना दुबे पीएलवी श्रीमती प्रीति सेन की उपस्थिति रही।



न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/– |
| 3 दिन | – | 250/– |
| 7 दिन | – | 500/– |
| 15 दिन | – | 1200/– |
| 30 दिन | – | 1800/– |

साईज– 5x1
आवश्यकता, खरीदना–बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोन:– 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

सिटी न्यूज
www.yashbharat.com
कटनी, सोमवार 04 जुलाई 2022
यश भारत
फोन- 230033


# मिल के कर्मचारी ने ही रची थी लूट की साजिश

## बरगवां में हुई वारदात का माधवनगर पुलिस ने किया खुलासा

**कटनी, (यशभारत)।** माधवनगर पुलिस ने विगत 30 जून को बरगवां में दालमिल कर्मचारी के साथ हुई लूट की वारदात का पर्दाफाश कर दिया है। लूट की यह वारदात मिल के कर्मचारी ने ही अपने साथियों के साथ रची थी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों को दबोच लिया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जुलाई को इन्द्रभान ने माधवनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 30 जून को अज्ञात व्यक्तियों ने बरगवां के सामने उससे 4 लाख 50 हजार रुपये लूट लिए हैं। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 394 के तहत प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की। माधवनगर थाना प्रभारी विजय विश्वकर्मा के नेतृत्व में मामले की जांच शुरू की गई। जांच में पता चला कि धाऊ चक्की मदन मोहन चौबे वार्ड निवासी 20 वर्षीय सुरेंद्र यादव ने अपने साथियों मोहित यादव निवासी बरगवां चौबे वार्ड, साहिल जैसवानी निवासी एमइएस कॉलोनी, भानू उर्फ भरत कुकरेजा निवासी



**चाय की दुकान में रची गई थी साजिश, 4 लाख 18 हजार रूपए, 4 मोबाइल सहित आधा दर्जन आरोपी गिरफ्तार**

खैबर लाइन, जय तीर्थानी निवासी एडीएम लाइन, आदित्य मिश्रा उर्फ धोलू मिश्रा निवासी रंगनाथ नगर, श्रीकांत यादव, भीम विश्वकर्मा निवासी बरगंवा, निशांत मिश्रा उर्फ सरकार निवासी विवेकानंद वार्ड के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों के पास से पुलिस ने 4 लाख 18 हजार रुपए जब्त किए हैं। घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, 4 मोबाइल जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि एडीएम लाइन निवासी जय तीर्थानी इन्द्रभान सिंह के यहां काम करता था। जय ने ही अन्य आरोपियों को फरियादी के आने-जाने की सूचना दी थी। घटना के दिन जय तार्थानी ने इंद्रभान द्वारा पैसे लेकर निकलने की जानकारी साथी साहिल को दी थी। साहिल ने भानू को, भानू ने सुरेन्द्र व मोहित को उक्त सूचना दी थी। आरोपियों ने 29 जून को बरगवां में चाय की दुकान में एकत्रित होकर होकर लूट की योजना बनाई थी। इस मामले में आरोपियों ने 50 हजार रुपये का बटवारा भी कर लिया था। निशांत उर्फ सरकार मिश्रा ने 10 हजार रुपए, मोहित और सुरेंद्र ने 15-15 हजार रुपए भीम विश्वकर्मा व साहिल ने 5-5 हजार रुपए बाट लिए थे। 4 लाख रुपए बटवारे के लिए रखे थे। लूट के खुलासे में निरीक्षक विजय विश्वकर्मा, एसआई पंकज शुक्ला, नवीन नामदेव, एएसआई छेदीलाल सिंह, प्रधान आरक्षक भुवनेश्वर बागरी, आरक्षक मुकेश पाण्डेय, आशीष श्रीवास, सुग्रीवधर बड़गैया, महिला आरक्षक पूजा पाण्डेय, पल्लवी मिश्रा, उदय भान मिश्रा, प्रशांत, एनआरएस गणेश नामदेव की भूमिका रही। एसपी सुनील कुमार जैन ने टीम को पुरस्कृत करने घोषणा की है।

### मझगवां स्टेशन के पास ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**कटनी, (यशभारत)।** कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मझगंवा रेल्वे लाइन किलोमीटर नंबर 12281 के पास लगभग 40 वर्षीय युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। उप निरीक्षक किशोर कुमार द्विवेदी ने बताया कि हुकुमचन्द कोरी निवासी पहरुआ मंडी हाल ट्रेक मेन मझगंवा फाटक की सूचना पर पुलिस ने शव का पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर शिनाख्तगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### एक्सीडेंट में युवक घायल

**कटनी, (यशभारत)।** स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खड़रा में 26 वर्षीय संतोष कुमार कोल पिता मुन्ना कोल निवासी ग्राम खडरा को मोटर साइकल क्रमांक एमपी 21 एमएस 0349 के चालक ने सीधी ठोकर मारकर चोट पहुंचाई। सउनि संतोष सिंह ने कहा कि प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।



# घर के बाहर मिली प्रौढ़ की खून से सनी लाश

## पत्थर पटककर हत्या, जांच में जुटी पुलिस, रीठी थाना क्षेत्र के ग्राम इमलिया में वारदात से सनसनी



**कटनी, (यशभारत)।** रीठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम इमलिया में पत्थर पटककर एक किसान की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। किसान की लाश उसके घर के समीप सड़क पर क्षतविक्षत पाई गई। घटना की सूचना मिलते ही रीठी पुलिस मौके पर पहुंची और लाश बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव परिजनों को सुपुर्द किया और मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। घटना के संबंध में रीठी पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रीठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम इमलिया निवासी 55 वर्षीय मदन सिंह की रविवार की सुबह उसके घर के पास सड़क पर मृत अवस्था में पाई गई। मृतक शनिवार को घर से निकला था और रात भर घर नहीं पहुंचा। सुबह जब उसका बेटा पुष्पेन्द्र उसे तलाश करने के निकला तो घर से कुछ ही दूरी पर सड़क पर मदन सिंह का शव लहुलुहान हालत में मिला। पुलिस ने बताया कि लाश को देखकर प्रथमदृष्टया पत्थर पटककर हत्या किया जाना सामने आया है। शव के समीप ही पत्थर भी मिला है, जिसमें खून लगा हुआ है। हत्या की सूचना पाकर डीएसपी शालिनी परस्ते भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। थाना प्रभारी ने बताया कि अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

**इनका कहना है**

रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि प्रथमदृष्टया हत्या किया जाना प्रतीत होने पर मामला दर्ज किया गया है। आज शाम तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिल जाएगी। हत्या किए जाने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। संदेहियों से पूछताछ की जा रही है। कुछ अहम सुराग भी हाथ लगे हैं।



# अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक चालक की मौत

## कटनी रैपुरा मार्ग पर भरतपुर के पास सड़क दुर्घटना

**कटनी/रीठी, (यशभारत)।** रीठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कटनी-रेपुरा सड़क मार्ग पर कल रविार को बाइक चालक एक युवक को देर रात अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी, जिससे युवक के सिर पर गंभीर चोटें आई और युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बारे में रीठी निवासी सुक्खी लाल यादव ने बताया कि रीठी न्यू कालोनी निवासी अज्जू उर्फ अजय बर्मन पिता टंटू उर्फ श्याम लाल बर्मन उम्र 29 वर्ष, जो कल रात 10 बजे मोटरसाइकिल से रीठी से बड़गांव की ओर जा रहा था, तभी ग्राम भरतपुर में अज्ञात वाहन ने जोरदार ठोकर मार दी। अज्जू बर्मन के सिर पर गंभीर चोटें आई, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि कि इन दिनों कटनी-दमोह सड़क मार्ग पर यातायात बढ़ने से तेज गति से वाहन गुजरते हैं और अक्सर इस तरह के हादसे हो रहे हैं। शव रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोस्टमार्टम के लिए लाया गया और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। रीठी पुलिस ने मामला कायम कर जांच में लिया है।

# एलपीटी वाहन पलटने से चालक की मौत

## मवेशियों को बचाने के चक्कर में उमरियापान के पास दुर्घटना



**कटनी/उमरियापान, (यशभारत)।** उमरियापान थाना क्षेत्र के अंतर्गत मवेशियों को बचाने के चक्कर चालक के हाथों से वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में चालक की मौके पर मौत हो गई। घटना उमरियापान थाना क्षेत्र के ग्राम पकरिया की बताई जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच में शुरू कर दी है। उमरियापान पुलिस ने बताया कि जबलपुर जिले के मझौली निवासी 23 वर्षीय आनंद सिंह गौंड़ चचेरे भाई राजा सिंह के साथ 407 एलपीटी वाहन क्रमांक सीजी 13 डी 8220 में जबलपुर के रिछाई से नूडल्स लेकर सीधी जिले के लिए जा रहा था। रविवार तड़के साढ़े 3 बजे पकरिया गांव में सड़क पर बैठे मवेशियों को बचाने के चक्कर में चालक आनंद सिंह के हाथों वाहन अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे उतर गया और दो बार वाहन पलट गया। जिससे वाहन की चपेट में आने से चालक आनंद सिंह की मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई राजा सिंह सुरक्षित है। सुबह पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उमरियापान अस्पताल में युवक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर लाश परिजनों के हवाले कर दिया है। वाहन को थाने में खड़ा कराया गया है।

# पेड़ में फांसी पर लटकती मिली महिला की लाश

## उमरियापान के अंतर्वेद गनियारी में घटना, घर से लापता थी महिला

**कटनी, (यशभारत)।** उमरियापान थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अंतर्वेद गनियारी में रविवार की शाम एक महिला की लाश पेड़ से लटकती हुई पाए जाने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। लाश पाए जाने की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिला की लाश को पेड़ से नीचे उतरवाया और लाश को पोस्टमार्टम के लिए उमरियापान अस्पताल में भिजवाय। आज सुबह पुलिस ने लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया और मर्ग दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विवेचना में जुटी है। एएसआई रामेश्वर तिवारी ने बताया कि ग्राम अन्तर्वेद गनियारी की महिला 45 वर्षीय राजकली बाई पति रामकुमार सेन रविवार सुबह करीब 6 बजे घर से घूमने के लिए निकली थी। जो वापस नहीं लौटी। परिजनों ने तलाश की, लेकिन महिला नहीं मिली। शाम करीब साढ़े 4 बजे गांव के तालाब के समीप तलहा क्षेत्र में अनिल मिश्रा के खेत में लगे बेर के पेड़ में महिला की लाश लटकती दिखी। जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी। पुलिस ने बताया कि खुद ही रस्सी से फांसी के फंदे पर लटककर आत्महत्या करना प्रतीत होता है। महिला के परिजनों ने बताया कि वह मानसिक रूप से ग्रसित रहती थी। घटना की जानकारी मिलने पर एएसआई रामेश्वर तिवारी, मानसिंह मार्को, आरक्षक सतेंद्र चौरसिया ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। परिजनों के बयान दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चुनाव प्रचार सामग्री
फ्लैक्स बैनर, विजिटिंग कार्ड, पोस्टर, स्टीकर, टी-कैप, टोपी, पम्फलेट, झण्डा, पटका, बैलेट पेपर नमूना, लड़ी झालर, बाईक झण्डा, स्टीकर, बिल्ला, वोटर पर्ची
नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत, जिला पंचायत एवं सभी राजनीतिक दलों और आजाद उम्मीदवारों की चुनाव प्रचार सामग्री तैयार की जाती है।
कृष्णा ट्रेडर्स
सुभाष चौक (अंग्रेजी शराब दुकान के बाजू में) कटनी (म.प्र.)
Mob. 9981670040, 9009670040

प्लॉट बिकाऊ हैं
यादव गैस एजेंसी, विवेकानंद वार्ड लखेरा, कटनी में 1925 फीट का प्लॉट कीमत 600/- वर्गफुट डबल रोड एवं पाठक वार्ड सन्यासी बाबा गली, कटनी में 900 फीट कीमत 2000/- वर्गफुट विथ डायवर्सन प्लॉट बिकाऊ हैं।
संपर्क-जूली गुप्ता, मो. 8818908382

किराए से देना है
20 50 फिट का सर्वसुविधायुक्त, सभी शासकीय विभागों से अनुमति प्राप्त हॉल बैंक, फाइनेंस, इश्योरेंस कंपनी, शॉपिंग मार्केट के लिए किराए से देना है।
स्थान : दुर्गा चौक, तिलक कॉलेज मोड़, मंगलम मेनर गार्डन के सामने, कटनी
सम्पर्क : सत्यम सैनी
मो. 7748902288, 6264267212

TIMES ACADEMY
दसवीं बारहवीं के ओपन स्कूल से फार्म भरें
आर्टस/कामर्स/मैथ्स/बायो
B.sc. मैथ्स/बायो
रेग्यूलर/प्राइवेट करें
पता- डॉ. हरचंदानी के सामने शहीद द्वार नई बस्ती, कटनी
मो. 9200173627

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

PRE. REGISTRATION सांईनाथ स्कूल/कालेज ऑफ नर्सिंग
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

PRE. REGISTRATION
सांईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

जायसवाल इंटरप्राईजेस
चुनाव प्रचार सामग्री
झंडा, मफलर, टोपी, बिल्ले, टी-शर्ट, पेपर लडी, बाईक झंडा, डमी ई.वी.एम.
Mob. 9098263208,7000281913
पता- कचहरी चौराहा, MGM Hospital के पास, कटनी

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

HOTEL GRAND MERIDIAN
Facilities: Luxury Rooms, Banquet Hall, Conference Hall, Free Wifi, Cinema, Restaurant, Bar, Car Parking
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni MP 483501
Contact-07622-422403,422404,422405 www.hotelgrandmeridian.com

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)